कीड़ा और बेर

एनी एप्पलफ़ील्ड

कीड़ा और बेर

आर्थर एक कीड़ा था.

आर्थर काफी भूखा था. वैसे आर्थर बहुत छोटा था, लेकिन उसकी भूख बहुत बड़ी थी. जब वो भोजन की तलाश में निकला तो उसे एक बड़ा, रसदार बेर मिला. वो बेर इतना बड़ा था कि आर्थर खुद को हाथी के बगल में एक चूहे जैसा महसूस कर रहा था.

आर्थर ने एक गहरी सांस ली और बेर को जोर से धक्का मारा. उससे बेर कुछ आगे गया. आर्थर ने फिर से धक्का दिया. फिर बेर, गोल होने के कारण, जमीन पर लुढ़कने लगा.

" वाह भई वाह!" आर्थर ने कहा. "एक बार जब यह बेर घर पहुंचेगा, फिर मैं इसे एक सप्ताह तक खाऊंगा."

फिर आर्थर ने एक और धक्का दिया, और बेर तेज़ी से आगे को लुढ़का. कभी-कभी आर्थर को बेर के साथ बने रहने के लिए दौड़ना पड़ा. लेकिन कभी-कभी बेर धीमा हो जाता, और आर्थर को उसे आगे लुढ़काने के लिए फिर एक और धक्का देना पड़ता था.

आगे, जहां आर्थर नहीं देख सकता था, वहां जमीन पर एक टहनी पड़ी थी. टहनी में लम्बे-लम्बे कांटे थे. फिर आर्थर का बेर एक कांटे से जाकर टकराया और कांटे में फंसकर एकदम रुक गया.

आर्थर ने बहुत धक्का दिया, लेकिन बेर बिल्कुल नहीं हिला. आर्थर ने फिर से धक्का दिया, लेकिन बेर टस-से-मस नहीं हुआ.

"मुझे और अधिक प्रयास करना चाहिए," आर्थर ने खुद से कहा.

फिर वो झुका और उसने पूरा दम लगाकर सिर से धक्का दिया. बेर फिर भी नहीं हिला.

आर्थर ने अपने कंधे से धक्का दिया. बेर फिर भी नहीं हिला.

आर्थर ने अपने पैरों को जमीन में खोदा, फिर वो पूरी तरह से झुका. इस बार उसने अपनी पीठ से धक्का दिया. पर बेर बेर टस-से-मस नहीं हुआ.

उसके बाद आर्थर ने बेर को धक्का देना बंद कर दिया. वो पीछे हटा और उसने बेर को संभालकर देखा.

"अब मैं क्या करूं?" उसने कहा.

तब आर्थर के दिमाग में एक विचार आया. वो बेर के दूसरी तरफ गया और उसने उल्टी ओर से बेर तो धक्का दिया. तब बेर कांटे में कुछ हिला! आर्थर ने दुबारा जोर से धक्का दिया, और इस बार बेर कांटे से मुक्त हो गया. अब आर्थर लंबे, नुकीले कांटे को साफ़ देख सकता था.

"अच्छा तो इसलिए बेर नहीं हिल रहा था!" आर्थर ने कहा. "अच्छा हुआ कि मैंने धक्के की दिशा बदली."

फिर आर्थर मुस्कुराया और उसने एक गाना गुनगुनाया. फिर वो बेर को टहनी के चारों ओर घुमाकर अपने घर ले गया.

अब आर्थर के पास एक हफ्ते का खाना था.

समाप्त